वाणिज्य में स्नातक
(बी. कॉम. – जी)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -137: निगमित लेखांकन

सत्रीय कार्य
2025

जांच सत्रीय कार्य की अवधि -1 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025

चतुर्थ सत्र

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68

वाणिज्य में स्नातक (बी. कॉम. – जी)

चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली

बी. सी. ओ. सी. -137: निगमित लेखांकन

सत्रीय कार्य - 2025

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस सत्रीय कार्य को तीन खंडों में विभाजित किया गया है । खण्ड - क में वर्णनात्मक पांच प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 10 अंक के हैं। खण्ड - ख में पांच लघु प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 6 अंक के हैं। खण्ड - ग में चार अति लघु प्रश्न दिए गए हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न क्रमश: 5 अंक के हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30% अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इस सत्रीय कार्य को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

1. वे छात्र जो जून 2025 के सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं, उन्हें 15 मार्च 2025 तक जमा करवाना होगा।
2. वे छात्र जो दिसंबर 2025 की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं। वे उसको 15 अक्टूबर 2025 तक जमा करवायें।

आपको सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य को अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को प्रस्तुत करना होगा।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	:	**बी. सी. ओ. सी. -137**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	:	**निगमित लेखांकन**
सत्रीय कार्य का कोड	:	**बी. सी. ओ. सी. -137 / टी. एम. ए./ 2025**
खण्डों की संख्या	:	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड - क

1. बोनस अंशों के शोधन से क्या अभिप्राय है? बोनस अंशों के निर्गमन के संबंध में SEBI के दिशा-निर्देशों की विवेचना कीजिए। **(10)**

2. रोकड़ प्रवाह विवरण कोष प्रवाह विवरण से किस प्रकार भिन्न है? रोकड़ प्रवाह विवरण के विभिन्न उपयोगो का उल्लेख कीजिए। **(10)**

3. समेकित वित्तीय विवरण से आप क्या समझते हैं? समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के लाभ एवं हानियो की व्याख्या कीजिए। **(10)**

4. एकीकरण की अवस्था में हस्तांतरण करने वाली कंपनी की पुस्तकों में कौन-कौन सी प्रविष्टियाँ की जाती हैं? वर्णन कीजिए। **(10)**

5. वाणिज्यिक बैंकों के प्राथमिक एवं द्वितीयक कार्यों की व्याख्या कीजिए। **(10)**

खण्ड – ख

6. अंशों की क्रय की शर्तों का उल्लेख कीजिए। (6)

7. निम्नलिखित से पूंजीकरण विधि द्वारा ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए। (6)
   1) वास्तविक औसत लाभ का पूंजीकरण
   2) सुपर प्रॉफिट का पूंजीकरण
      क) वास्तविक औसत लाभ रु. 60,000 है।
      ख) रिटर्न की सामान्य दर 10% है।
      ग) वास्तविक नियोजित पूंजी रु. 4,50,000 है।

8. एकीकरण एवं संविलयन में भेद कीजिए। (6)

9. साधारणतया बैंक द्वारा रखे जाने वाले खाते की पुस्तकों की व्याख्या कीजिए। (6)

10. कंपनी के लाभ-हानि खाते के विशिष्ट लक्षण क्या हैं? (6)

खण्ड – ग

11. एसिया लिमिटेड ने 1 जनवरी 2016 को 100 रु. प्रति ऋण पत्र के 5,000 14%ऋण पत्र 6% छूट पर निमित किया। समस्त राशि आवेदन पर देय है। ये ऋणपत्र 5% प्रीमियम पर शोध्य हैं। इन ऋणपत्रो के ब्याज को प्रतिवर्ष 31 दिसंबर को देना है तथा इनके निर्गमन पर यदि कोइ हानि होती है उसका अपलेखन तीन वर्षो में करना है।
    कंपनी की पुस्तकों में उपर्युक्त की जर्नल प्रविष्टि कीजिए। **(10)**

12. निम्नलिखित पर संक्षेप में टिप्पणि लिखिए: **(10)**
    क) प्रारंभिक व्यय (Preliminary Expenses)
    ख) अल्पमत हित
    ग) गैर-बैंकिंग परिसंपत्तियों का निपटारा
    घ) आंतरिक पुनर्निर्माण
    ड.) गैर निष्पादित संपत्तियां (NPA)